POLICE COMMISSIONERATE

PRAYAGRAJ

सराहनीय कार्य / प्रेस विज्ञप्ति- दिनांक 23.02.2026

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय से संबंधित मु0अ0सं0 04/2023 धारा 420/467/468/34 भादवि का वांछित अभियुक्त राकेश कुमार पासी पुत्र भुल्लन पासी निवासी अकोढा थाना कौंधियारा प्रयागराज को दिनांक-23.02.2026 को थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक-05.01.2023 को थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-335/2022 धारा-457/380 भादवि से संबंधित माल के साथ 02 अभियुक्तों रामबाबू पुत्र बरसाती लाल निवासी चामू थाना बारा प्रयागराज व राहुल पुत्र मोहनलाल निवासी कांशीराम कालोनी थाना नैनी प्रयागराज को गिरफ्तार किया गया था तथा उनके कब्जे से कूटरचित नंबर प्लेट लगी हुआ डीसीएम(वाहन) बरामद किया गया था। उक्त कूटरचित नंबर प्लेट लगी हुए डीसीएम(वाहन) के बरामदगी के संबंध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 004/2023 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था। जिसमे अभियुक्त राकेश कुमार पासी उपरोक्त वांछित चला रहा था, जिसकी तलाश की जा रही थी। आज दिनांक-23.02.2026 को थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस टीम द्वारा वांछित अभियुक्त राकेश कुमार पासी उपरोक्त को थाना क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ का विवरण-

पूछताछ पर अभियुक्त राकेश कुमार पासी उपरोक्त द्वारा बताया गया कि आज से करीब 03 वर्ष पूर्व मैं तथा मेरे साथियों ने मिलकर इन्ड्रस्ट्रियल एरिया में एक बैट्री की फैक्ट्री जो बन्द पडी थी ताला तोडकर उसमें से लोहे की राड व अन्य सामान चुरा लिया था। मुझे कुछ पैसे मिले थे याद नहीं है कितने मिले थे वह सब खर्च हो चुके है चोरी करने के करीब 01 माह बाद ही हम सभी लोग एक डीसीएम में सामान लेकर रात में बेचने जा रहे थे डीसीएम का नम्बर प्लेट हम सभी लोगो ने मिलकर पकडे ना जा सके इसलिये बदल लिया था जैसे ही हम सभी लोग डीसीएम लेकर जा रहे थे पुलिस वालो ने हाइटेक सिटी में रोका गया तो मैं तथा मेरे साथ 03 साथी जो पीछे बैठे थे भाग गये थे। मौके पर रामबाबू तथा राहुल पकडे गये थे, मै तब से भाग रहा था। आज भी चोरी करने के उद्देश्य से आया था लेकिन पकड़ लिया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

राकेश कुमार पुत्र भुल्लन भारतीया निवासी अकोढा थाना कौंधियारा जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 45 वर्ष।

आपराधिक इतिहास/पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0 04/23 धारा 420/467/468/34 भादवि थाना औ0क्षेत्र प्रयागराज।
2. मु0अ0सं0 335/22 धारा 457/380/411 भादवि थाना औ0क्षेत्र प्रयागराज।
3. मु0अ0सं0 528/16 धारा 384/452/504/506 भादवि थाना करछना प्रयागराज।
4. मु0अ0सं0 529/16 धारा 307/399/402/41/411/419/420/467/468/470/471 भादवि व 3/25ए व 4/5 आयुध अधि0 थाना करछना प्रयागराज।
5. मु0अ0सं0 530/16 धारा 399/402 भादवि थाना करछना प्रयागराज।
6. मु0अ0सं0 531/16 धारा 4/5 आयुध अधि0 थाना करछना प्रयागराज।
7. मु0अ0सं0 537/16 धारा 41/411/419/420/467/468/470/471 भादवि थाना करछना प्रयागराज।
8. मु0अ0सं0 06/20 धारा 60(2) आबकारी अधि0 थाना कौधियारा प्रयागराज।

9. मु0अ0सं0 72/21 धारा 60 आबकारी अधि0 थाना कौंधियारा प्रयागराज।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

1. उ0नि0 प्रभाकर शुक्ला, थाना औद्योगिक क्षेत्र कमिश्नरेट प्रयागराज।
2. उ0नि0 नितेश सिंह, थाना औद्योगिक क्षेत्र कमिश्नरेट प्रयागराज।
3. का0 रामअधार, थाना औद्योगिक क्षेत्र कमिश्नरेट प्रयागराज।
4. का0 अमरनाथ सिंह, थाना औद्योगिक क्षेत्र कमिश्नरेट प्रयागराज।